पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)

राज्यपाल ने मध्य प्रदेश के नर्मदा नदी में बस गिरने से हुए हादसे में लोगों की मृत्यु पर गहरा शोक प्रकट किया

लखनऊः 18 जुलाई, 2022

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने मध्य प्रदेश में धार जिले के खलघाट में सवारियों से भरी बस पुल के नर्मदा नदी में गिरने से हुए हादसे में लोगों की दर्दनाक मृत्यु पर गहरा शोक व्यक्त किया है।

राज्यपाल जी ने दिवंगत आत्माओं की शांति की कामना करते हुए शोक संतप्त परिजनों के प्रति अपनी संवेदना व्यक्त की है।

चंद्र विजय वर्मा
सूचना अधिकारी/राजभवन (276/32)
सम्पर्क सूत्र 7705800957